तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

11 बंद पड़ी स्ट्रीट सोलर लाइटें दे रही हैं हादसों को दावत



12 प्राणों की आहुति देकर अमर हो गए उनकी शहादत हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत : विजय





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

# झूलेलाल जन्मोत्सव : चेट्रीचंड पर निकली रैली और शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**खास बातें**
- दोपहिया वाहन रैली में भगवा रंग में दिखे लोग
- बहराणा साहिब पूजा, छेज नृत्य और आतिशबाजी से गूंजा शहर





सिन्धी समाज के ईष्टदेव साईं श्री झूलेलाल के जन्मोत्सव पर चेटीचंड पर्व हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व की पूर्व संध्या पर सिंधु भवन में भजन-कीर्तन एवं भक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया,जिसमें धमतरी से आए भजन गायकों ने भक्तिमय प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

इसके पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। अगले दिन सुबह सिन्धी गुरुद्वारा से भव्य दुपहिया वाहन रैली निकाली गई, जिसमें समाज के महिला, पुरुष और युवा भगवा वस्त्रों में शामिल होकर पूरे शहर में "आयो लाल झूलेलाल" के जयघोष करते रहे। रैली प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा पहुंची, जहां गुरुग्रंथ पाठ, अरदास, पल्लव, भोग साहिब एवं प्रसादी वितरण किया गया।

दोपहर में सिंधु भवन में आम लंगर का आयोजन किया गया, वहीं शाम को बहराणा साहिब पूजा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। छेज नृत्य (डांडिया), आकर्षक झांकियों और आतिशबाजी के साथ निकली शोभायात्रा महादेव घाट पहुंची, जहां दीपों की रोशनी से घाट जगमगा उठा। नदी तट पर विधिवत बहराणा साहिब पूजा कर अखो, पल्लव एवं प्रसाद-खजाना वितरण किया गया। पूरे दिन समाज की दुकानों में अवकाश रहा तथा विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

**ये हुए शामिल**
इस आयोजन में मनीष मूलचंदानी, सुंदर भोजवानी, संतोष बजाज, गोवर्धन दास नवतानी, सुनील दंडवानी, करण बजाज सहित समाज के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## बस्तर थाना क्षेत्र के झारतरई गांव की घटना

# तेज अधंड़ के साथ आकाशीय बिजली गिरने से छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम झारतरई में शुक्रवार शाम तेज अंधड़ व बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आने से झुलसे 11 वीं कक्षा के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मरच्यूरी में भिजवाया।

- परिजन पहुंचे थाना, मौके पर पहुंची पुलिस

जानकारी के मुताबिक झारतरई निवासी सिद्धार्थ बघेल 17 वर्ष अपने अन्य साथियों के साथ मवेशियों को चराने के लिए खेत की ओर गया था। तभी शाम लगभग चार बजे तेज अंधड़ व बारिश के बीच आकाशीय बिजली सिद्धार्थ के उपर गिरी, जिससे उसके शरीर के उपर का हिस्सा झुलस गया। साथ में मौजूद अन्य साथियों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों व ग्रामीणों को दी।

खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे। और झुलसे सिद्धार्थ को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन उपचार से पूर्व उसकी मौत हो गई। छात्र हायर सेकेण्डरी स्कूल लामकेर में अध्ययनरत था। उसके मौत की खबर लगते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी परिजनों द्वारा बस्तर थाना में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पीएम के लिए मरच्यूरी भिजवाया।

**शव मरच्यूरी में रखवाया गया: थाना प्रभारी**
बस्तर थाना प्रभारी ने बताया कि शव को मरच्यूरी में रखवाया गया है शनिवार को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ईदगाह में आज सुबह 9.30 बजे होगी ईद की नमाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

रमजान के पवित्र महीने का अंतिम रोजा आज लोगों ने रखा। तीस रोजे पूरे होने पर शनिवार को ईद उल फितर मनाया जाएगा। ईद पर विशेष नमाज सुबह 9.30 बजे ईदगाह में होगी। यह बातें अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर डॉ. जहरूद्दीन ने कही है।

सदर ने कहा कि ईदगाह में शहर काजी इस्लाम बक्स साहब विशेष नमाज अता कराएंगे। शुक्रवार को दिनभर बाजार में चहल पहल रही। लोग खरीददारी करते रहे। सेवंई, दुध, मावे और टोपी की खरीदी मस्जिद के सामने की। इसके अलावा कपड़े व अन्य सामान भी लोगों ने खरीदे। बाजार में 250 रुपए किलो तक सेवंई और टोपी 100 से 200 रूपए में बिकी।

- बाजार में सेवंई व टोपी समेत अन्य सामानों की हुई खरीदी

## खबर संक्षेप

### न्यायिक कर्मचारियों का प्रांतीय अधिवेशन आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ का 21 मार्च को जगदलपुर में प्रांतीय कार्यकारिणी का प्रथम अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में प्रदेश भर के न्यायिक कर्मचारी भाग लेकर अपनी मांगों एवं संगठन की भावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष नागेश्वर सिंह मौर्य उपस्थित रहेंगे जबकि जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी अध्यक्षता करेंगे। साथ ही प्रांतीय महासचिव धीरज पलेरिया, कोषाध्यक्ष रितेश सोनी संघ के संरक्षकगण एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

### 25 मार्च तक जमा करने होंगे बजट देयक

**जगदलपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के साथ ही सरकारी भुगतानों को समय पर पूरा करने की कवायद तेज हो गई है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला कोषालय अधिकारी अनिल कुमार पाठक ने बस्तर जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। जारी आदेश के तहत चालू वित्तीय वर्ष के बजट से संबंधित सभी प्रकार के देयक कोषालय या उप-कोषालयों में स्वीकार करने की अंतिम तिथि 25 मार्च तक तय ▶▶|शेष पेज 10 पर

# वामपंथी उग्रवाद के खात्मे में सफलता पर जवानों की वीरता की सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीआरपीएफ के 87 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सुकमा जिले के येटापेका सीआरपीएफ 212 बटालियन के हेडक्वार्टर में भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित किया गया। इससे पूर्व कमाण्डेंट ने क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली और जवानों को सम्बोधित किया।

- सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर येटापेका में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

इस अवसर पर कमाण्डेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव ने जवानों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संबोधन के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ बल की सफलताओं का जिक्र करते हुए जवानों की वीरता को सराहना की।


समारोह की शुरूआत करते हुए कमांडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुमित सहगल, द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार, उप कमाण्डेंट अजय प्रताप सिंह व सहायक कमाण्डेंट राकेश लाम्बा व बटालियन के अन्य अधिकारियों व जवानों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

**खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए :** इस अवसर पर नक्सल प्रभावित बटालियन के विभिन्न कैंपों किस्ताराम, गोलापल्ली तथा पामेड़ एक्सिस में तैनात जवानों ने खेलकूद और ▶▶|शेष पेज 10 पर



### कलचा में मना शिशु संरक्षण माह और विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस


**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नानगुर के सेक्टर आड़ावाल में विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस एवं शिशु संरक्षण माह मनाया गया। इसमें कोलियापारा आंगनबाडी केन्द्र में बच्चों 9 माह में प्रथम खुराक के वाद प्रति छह माह के अंतराल में बच्चों को विटामिन सिरप दिया जाता है। छह माह से एक वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप दिया जाता है, जिसे सप्ताह मे दो बार पिलाने हेतु बच्चों के परिजन को समझाइश दी गई। प्रति वर्ष की भांति 20 मार्च को विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसमे आंगनबाड़ी एवं स्कूली बच्चो का मुख स्वास्थ्य जांच किया गया। बच्चों को प्रतिदिन ब्रश करने एवं साफ-सफाई के संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा ▶▶|शेष पेज 10 पर




## प्रशासन और कंपनी पर उठे सवाल

# तीन महीने से नेटवर्क ठप, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



लगभग तीन महीनों से नगर के अधिकांश हिस्सों में मोबाइल कंपनी का नेटवर्क ठप है। जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉल ड्रॉप, इंटरनेट स्पीड में गिरावट और कई जगहों पर पूरी तरह नेटवर्क गायब रहने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि डिजिटल युग में जहां हर काम ऑनलाइन हो गया है, वहीं इस तरह की नेटवर्क समस्या ने व्यापार, शिक्षा और दैनिक कार्यों को प्रभावित किया है। दुकानदारों का कहना है कि ऑनलाइन पेमेंट में दिक्कत आने से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। वहीं छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई और फॉर्म भरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

भोपालपटनम के कई इलाकों में स्थिति खराब है कि लोगों को कॉल करने के लिए ऊंचे स्थानों या घरों की छतों पर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहां कई दिनों तक नेटवर्क बंद रहता है। स्थानीय लोगों ने कई बार कंपनी और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कंपनी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द इस समस्या का समाधान कराया जाए और कंपनी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### घर के अंदर बंद हो जाता है मोबाइल

लोगों का कहना है कि अधिकांश घरों में नेटवर्क बिलकुल नहीं आता है। जिससे फोन करने बाहर आना होता है। लोगों का कहना है कि जब नगर में एक टावर थी तो सुविधा बेहतर उपलब्ध कराई गई और अब नगर में चारों ओर टावर लगाई गई हैं तो सुविधा कम मिल रही है । यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी लोग दे रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षिका भीष्मलता का ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस खो–खो प्रतियोगिता 2026 के लिए चयन



**कोण्डागांव।** शहर की शिक्षिका भीष्मलता मरकाम का चयन ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस खो–खो प्रतियोगिता 2026 के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 19 से 22 मार्च तक शिव छत्रपति क्रीड़ा संकुल, बालेवाड़ पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित की जा रही है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 11 मार्च को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के खेल परिसर में किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हुआ। भीष्मलता मरकाम वर्तमान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षिका के रूप में पदस्थ हैं। खेल के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## नगरपालिका के 22 वार्डों के भवनों में की जा रही नंबरिंग



**कोण्डागांव।** आगामी जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए नगरपालिका द्वारा शहर के प्रत्येक घर को पहचान देने के लिए भवन नंबरिंग अभियान शुरू किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र के सभी 22 वार्डों में भवन नंबरिंग का कार्य किया जा रहा है जिसे पहले चरण की जनगणना से पूर्व पूर्ण करना है। अब तक 12 वार्डों में भवन नंबरिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। शेष वार्डों में कार्य तेजी से जारी है। नगरपालिका प्रशासन ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए एक माह के भीतर सभी भवनों की नंबरिंग पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जनगणना 2027 का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक संचालित किया जाएगा, जिसके लिए यह कार्य महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**पेज 9 के शेष**

### 25 मार्च तक...

की गई है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए यथासंभव जल्द देयक प्रस्तुत करें और 25 मार्च को दोपहर 4 बजे तक हर हाल में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि तकनीकी मिलान और ई-कुबेर के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

### वामपंथी उग्रवाद के...

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाम को बटालियन मुख्यालय व सभी समवायों में जवानों के साथ सामूहिक भोज का आयोजन किया गया था जिसमें सभी कैम्पों के अधिकारी व जवान शामिल हुए।

### कलचा में मना शिशु...

एएनएम सुमित्रा साहू, मेरिना जानसन सीएचओ द्वारा दिया गया व गर्भवती माता बच्चो का टीकाकरण किया गया। मनीष ठाकुर स्वास्थ्य संयोजक मनीष ठाकुर ने बच्चों को विटामिन ए पिलाया एवं आयरन सिरप बच्चों की माताओं को सप्ताह में दो बार पिलाने हेतु समझाया गया।

### पीएमएफएमई योजना पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक

# लंबित आवेदनों का बैंक से शीघ्र निराकरण कर हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ‘बिहान’ एवं उद्योग विभाग के अभिसरण अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना पी.एम.एफ.एम.ई के संबंध में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्राप्त, निरस्त एवं लंबित आवेदनों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित हितग्राहियों को पीएमएफएमई योजना से जुड़ी जानकारी दी गई, ताकि वे स्वरोजगार के नए अवसरों से जुड़कर अपनी आजीविका सुदृढ़ कर सकें। कलेक्टर ने बैंकर्स के साथ लंबित आवेदनों पर चर्चा करते हुए उन्हें निर्देशित किया कि आवेदन की दस्तावेजी एवं भौतिक जांच कर शीघ्र ऋण स्वीकृत करें, जिससे हितग्राही अपने उद्यम प्रारंभ कर सकें। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से नए आजीविका स्त्रोत विकसित होंगे और अन्य लोग भी प्रेरित होकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, बैंकर्स को निर्देश

**अधिकारी एवं हितग्राही रहे उपस्थित** – कार्यक्रम में जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक वित्तीय समावेशन, उद्योग विभाग के अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, विकासखंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी समूह की महिलाएं एवं हितग्राही उपस्थित रहे।



### बच्चों का पोषण स्तर जाना गतिविधियोंकी ली जानकारी



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने माकड़ी विकासखण्ड के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों का गहन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र अमरावती और बेड़ागांव में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का अवलोकन किया। बेड़ागांव में एचआरपी हाई रिस्क प्रेग्नेंसी महिलाओं की जानकारी लेकर उनकी सतत निगरानी के निर्देश दिए। बेड़ागांव में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन के समुचित उपयोग के निर्देश दिए गए। वहीं अमरावती में नए स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। ग्राम बीजापुर स्थित आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर में कलेक्टर ने उपलब्ध दवाइयों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा परिसर में हर्बल गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों के पोषण स्तर एवं गतिविधियों की जानकारी ली।

### मालगांव में अफसर उतरे खेत में किसान से जानी सूरजमुखी की खेती

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने माकड़ी विकासखंड के ग्राम मालगांव में कृषक तुलसीराम नेताम द्वारा किए जा रहे कृषि एवं पशुपालन कार्यों का निरीक्षण किया। उनके प्रयासों की सराहना की।

कृषक द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल योजना के तहत 3 एकड़ क्षेत्र में सूरजमुखी की खेती की जा रही है। इसके अलावा उड़द, मिर्ची, भिंडी और खीरा जैसी फसलों का भी उत्पादन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पशुपालन गतिविधियों का भी जायजा लिया। राज्य उद्यमिता डेयरी योजना के अंतर्गत कृषक को दो गाय प्राप्त हुई हैं, जिनसे वे दुग्ध उत्पादन कर रहे हैं। कृषक श्री नेताम ने बताया कि शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर वे अच्छी आमदनी अर्जित कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, कृषि विभाग के अधिकारी कैलाश मरकाम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आश्रम- छात्रावास के कमरों में पहुंची कलेक्टर, बच्चों से जानी दिनचर्या



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने माकड़ी विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न आश्रम एवं छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

ग्राम मालगांव स्थित प्री–मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में कलेक्टर ने बालिकाओं से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने शौचालय मरम्मत एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम हिरलाभाठा के शासकीय कन्या आश्रम का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक फर्नीचर, खेल सामग्री उपलब्ध कराने तथा शेड निर्माण के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हिरलाभाठा में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का भी अवलोकन किया। सभी घरों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**अमरावती छात्रावास में मरम्मत व स्वास्थ्य जांच के निर्देश** – ग्राम अमरावती स्थित शासकीय बालक आश्रम में भवन की सीपेज समस्या के समाधान के लिए मरम्मत कार्य कराने तथा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बीएमओ को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी दिनचर्या और भोजन की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**ये अधिकारी रहे उपस्थित** : इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रुपेन्द्र तिवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने जिले में विकास कार्यों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय एनडीसी नई दिल्ली के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दल में सेना, सिविल सेवा एवं मित्र देशों के अधिकारी शामिल थे। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने प्रतिनिधिमंडल को जिले की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक संरचना, निर्माण कार्यों एवं विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। साथ ही ‘पूना मारगेम’ पुनर्वास केंद्र की गतिविधियों से भी अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय स्थित शबरी एम्पोरियम का भ्रमण कर स्थानीय शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को देखा और उनकी सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा, एसडीएम फरसगांव अश्वन पुसाम, डीएसपी सतीश भार्गव एवं अभिनव उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**मोर स्वाद–दीदी की रसोई में देखा महिला स्वावलंबन** – दल ने मोर स्वाद–दीदी की रसोई में स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। कोण्डानार गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने वहां कार्यरत महिलाओं के कार्यों की सराहना की और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

**मत्स्य पालन गतिविधियों को भी देखा** – फरसगांव विकासखंड के ग्राम जुगानी कलार में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से लाभान्वित मत्स्य पालक के कार्यों का अवलोकन किया तथा मत्स्य बीज उत्पादन की प्रक्रिया को समझा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को जिला प्रशासन द्वारा साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता विधेयक-2026 ऐतिहासिक कदमः नारायण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

प्रदेश में जबरन मतांतरण के मुद्दे पर पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता विधेयक, 2026 को लेकर जनचर्चा तेज हो गई है। इस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला पंचायत नारायणपुर के अध्यक्ष नारायण मरकाम ने इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक संतुलन की रक्षा की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है।



श्री मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आदिवासी अंचलों की भावनाओं और लंबे समय से उठ रही जन अपेक्षाओं को गंभीरता से समझते हुए यह साहसिक निर्णय लिया है। वर्षों से प्रलोभन, दबाव और छलपूर्वक मतांतरण की घटनाएं समाज में असंतुलन और अविश्वास का कारण बनती रही हैं, जिन्हें अब यह कानून प्रभावी रूप से नियंत्रित करेगा।

विधेयक में पारदर्शी प्रक्रिया, पूर्व सूचना, प्रशासनिक अनुमति और सख्त दंडात्मक प्रावधानों को शामिल कर इसे अत्यंत सुदृढ़ बनाया गया है। विशेष रूप से महिलाओं, नाबालिगों एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की सुरक्षा को प्राथमिकता देना इस कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है, जो समाज के कमजोर वर्गों को संरक्षण प्रदान करेगा। यह कानून किसी भी व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध नहीं है, बल्कि अवैध और अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रभावी माध्यम है।

## जामगांव शिविर में मिले 179 आवेदन, राजस्व ने बांटे 59 डिजिटल किसान किताब कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

जनसमस्याओं के समाधान हेतु जिले के विभिन्न गांवों में लगातार जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत जिले के दूरस्थ अंचल के ग्राम जामगांव में गुरूवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया और ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, सरपंच अरूण नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और अश्वन कुमार पुसाम, जनपद पंचायत फरसगांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेन्द्र नेताम उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामवासियों को विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। साथ ही ग्रामीणों को सायबर सुरक्षा के संबंध में भी जागरूक किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों से कुल 179 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा 02 मछली जाल वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 59 डिजिटल किसान किताब का वितरण, शिक्षा विभाग द्वारा 15 जाति प्रमाण पत्र वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को 02 बैसाखी, 04 व्हीलचेयर और 02 श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया।

## खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सख्ती जांच अभियान में लिए गए नमूने

**कोण्डागांव।** जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार नंद द्वारा अभियान के तहत लक्ष्मी प्रोविजन स्टोर का निरीक्षण किया गया, जहां विक्रय हेतु रखे गए खाद्य पदार्थों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मामा नूडल्स एवं चावल प्रथम दृष्टया निम्न गुणवत्ता के प्रतीत होने पर उनके नमूने विधिवत संकलित कर सीलबंद किए गए और जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**दुकानदार को नोटिस जारी** – निरीक्षण के दौरान संबंधित दुकानदार को आवश्यक निर्देश देते हुए नोटिस भी जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थोंर् की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## आंध्रप्रदेश से लापता युवती को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटे ठेमली निवासी युवती दीपिका मरकाम/पिता श्यामलाल मरकाम अपने नाना-नानी के घर ग्राम भंडारवंडी में रहकर पढ़ाई कर रही थी। वर्ष 2025 में वह बिना बताए अपनी सहेलियों के साथ काम करने के लिए आंध्रप्रदेश चली गई थी और तब से घर वापस नहीं लौटी थी। काफी तलाश के बाद भी जब युवती का कोई पता नहीं चला, तो उसके पिता ने फरसगांव थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 07/2026,



दिनांक 07 मार्च को मामला दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू की।

जांच के दौरान कॉल डिटेल के आधार पर युवती की लोकेशन आंध्र प्रदेश के कडपा जिले के पोरूमामिल्ला क्षेत्र में मिली। इसके बाद उप निरीक्षक नवल कोडोपी के नेतृत्व में टीम परिजनों के साथ आंध्र प्रदेश रवाना हुई। वहां स्थानीय पुलिस की मदद से 15 मार्च को युवती को सकुशल बरामद कर फरसगांव लाया गया। आवश्यक कार्यवाही के बाद 19 मार्च को युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास, उप निरीक्षक नवल कोडोपी, आरक्षक सदेश सोरी एवं महिला आरक्षक लक्ष्मी मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कोंडागांव में कृषक वृक्ष मित्र योजना महासम्मेलन

# किसानों की आय बढ़ाने और हरित विकास को मिलेगा नया आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

वनमंडल में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों, हितग्राहियों और विभिन्न संस्थाओं को कृषक वृक्ष मित्र योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य निजी भूमि पर व्यावसायिक पौधारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाना है। सम्मेलन में बताया गया कि योजना के अंतर्गत किसान टिश्यू कल्चर सागौन, क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस तथा मिलिया डुबिया जैसे आर्थिक रूप से लाभकारी पौधों का रोपण कर सकेंगे। सहयोगी संस्थाओं एवं निजी कंपनियों के माध्यम से उत्पाद की वापस खरीदी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिल सके। वन विभाग ने बताया कि पांच एकड़ तक भूमि पर पौधारोपण करने वाले पात्र हितग्राहियों को पूर्ण अनुदान दिया जाएगा, जबकि इससे अधिक क्षेत्र में आंशिक सहायता मिलेगी। विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन,



प्रशिक्षण और निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि पौधों की अच्छी देखभाल हो सके। योजना के अंतर्गत पौधारोपण के बाद तीन वर्षों तक नियमित निरीक्षण किया जाएगा। पौधों की जीवित संख्या के आधार पर रखरखाव के लिए अनुदान दिया जाएगा, जिससे किसानों को शुरुआती सालों में आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा और पौधारोपण को बढ़ावा मिलेगा।

### किसानों ने कहा- हो रहा लाभ

सुमारू ग्राम पोलंग ने बताया कि पूर्व में अपने खेतों में मक्का उड़द आदि खेती करता था। लेकिन वन विभाग की समझाइए इस पर खेत की मेढ़ो पर व मर हान भूमि में नीलगिरी का पौधारोपण किया है जिससे मुझे लाभ हो रहा है। उत्तम कोटडिया पाला गांव ने बताया कि मेरे यहां पैतृक रूप से पौधारोपण किया जाता है। हाल ही में 8 एकड़ निलगिरी काटकर 21 लाख रु का बेचा हूं। 5 एकड़ के लिए वन विभाग से मुफ्त में पौधे गड्ढा खुदाई ब खाद मिला है। दीनबंधु यादव ग्राम उमरगांव ने कहा कि वन विभाग की कृषक वृक्ष मित्र योजना से हमें सहारा मिला है। विजय कोर्राम ग्राम चिलपुटी ने बताया कि नीलगिरी के वृक्षों के बीच में हल्दी भी लगाया हूं। दो बार कटाई करके आय कर चुका हूं।

### माल, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

अधिकारियों ने बताया कि योजना से लकड़ी और प्लाईवुड आधारित उद्योगों को कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विकास होगा और ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भी यह योजना सहायक साबित होगी।

### शासन की महत्वपूण योजना

डीएफओ कोंडागांव चूड़ामणि सिंह ने बताया कि दक्षिण वन मंडल में प्रतिवर्ष 5 से 6 लाख नीलगिरी का पौधारोपण किया जा रहा है। शासन की महत्वपूर्णयोजना है कृषक वृक्ष मित्र। इस योजना के तहतहम कई प्रजातियां के पौधे हम कृषकों को वितरण कर रहे हैं।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में महाअभियान परीक्षा 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च को जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन महापरीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसके लिए जिले के चिन्हांकित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए जिले में 17,335 शिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परीक्षा का आयोजन कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में किया जाएगा। कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

**15 वर्ष से अधिक आयु के नवसाक्षर होंगे शामिल** – इस महापरीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर एवं नवसाक्षर शामिल होंगे। विशेष रूप से वे लोग जिन्हें पढ़ना–लिखना या दैनिक जीवन से जुड़े गणितीय कार्यों में कठिनाई होती है। कार्यक्रम पूर्णतः स्वयंसेवी भावना पर आधारित है। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को स्वयंसेवक के रूप में जोड़ा जा रहा है। 10 असाक्षरों को साक्षर बनाने पर 10 बोनस अंक देने का प्रावधान भी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु में मृतक राकेश बेरता के निकटतम वारिस उनके पिता सोनकू बेरता को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहि के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### सर्व नाई सेन समाज की हुई बैठक



**भानपुरी।** सर्व नाई सेन समाज जिला बस्तर का सामाजिक सेन भवन कुम्हारपारा जगदलपुर में बैठक आयोजित की गई। विद्यानंद सेन अध्यक्ष दंतेवाड़ा, उपेंद्र सेन अध्यक्ष सुकमा एवं बस्तर संभाग प्रभारी रामेश्वर श्रीवास को प्रदेश पदाधिकारी द्वारा पूर्व में चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया था। उनके नेतृत्व में मंगलवार को शांति पूर्ण तरीके से बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में संत शिरोमणि सेन महाराज के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर बैठक शुरुआत किया गया। जिसमें सर्व नाई सेन समाज के बैनर तले चुनाव संपन्न होना सुनिश्चित किया गया है। चुनाव संबंधी विषयों पर चर्चा किया गया इस विषय पर सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न होगा। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 22 मार्च शाम 5 तक। मतदान की तिथि 24 मार्च दिन मंगलवार समय प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक होगा।

### मैराथन प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में लाइवलीहुड कॉलेज कारली से बस्तर हेरिटेज मैराथन दौड़ के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथ दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, बचेली, किरंदुल, गीदम एवं बारसुर क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए जगदलपुर में आयोजित होने वाली बस्तर हेरिटेज मैराथन दौड़ में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रेरित करेगा। यह प्रचार अभियान 22 मार्च तक जारी रहेगा। इस अवसर पर जपं गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, जपं दंतेवाड़ा अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पायल गुप्ता, जपं गीदम उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं जयंत नाहटा, उप पुलिस अधीक्षक नसीर सिद्दीकी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गीदम बलराम ध्रुव उपस्थित रहे।

# बंद पड़ी स्ट्रीट सोलर लाइटें दे रही हैं हादसों को दावत

## अंधेरे के साये में राम नवमी मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मददेड



एक तरफ पंचायत राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य मेले की तैयारियों का दावे कर रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत मददेड की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। पिछले कई महीनों से गांव की अधिकांश सोलर और स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है, जिससे पूरा गांव अंधेरे की आगोश में है।

आगामी दिनों में मददेड में राम नवमी का विशाल मेला आयोजित होना है। इस मेले में दूर-दराज से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और व्यापारी पहुंचते हैं। लाइट बंद होने के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब गांव के मुख्य चौराहों और गलियों में ही अंधेरा रहेगा, तो मेले की सुरक्षा और व्यवस्था कैसे सुनिश्चित होगी। अंधेरे का फायदा उठाकर गांव में चोरी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ने की आशंका प्रबल हो गई है। मेले के दौरान उमड़ने वाली भीड़ में महिलाओं की सुरक्षा जरूरी है। गर्मी के मौसम में सांप-बिच्छू का खतरा बढ़ जाता है, लाइट न होने से राहगीरों की जान जोखिम में है।

राम नवमी में होने वाले बड़े आयोजन से पहले इन लाइटों को सुधारना प्राथमिकता क्यों नहीं बनी। अगर मेले से पहले लाइट ठीक नहीं हुई, तो किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन की होगी। मददेड की जनता अब आर-पार के मूड में है। अगर समय रहते स्ट्रीट लाइटें चालू नहीं की गई, तो ग्रामीण इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों के पास जाएंगे।

## चैत्र नवरात्रि को भव्य बनाने हुई बैठक



**मद्देड।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 69 वर्षों से चैत्र नवरात्रि सीतारामा कल्याण महोत्सव चली आ रही परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चैत्र नवरात्रि के आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के वरिष्ठ सदस्यों एवं ग्रामीणों ने भाग लेते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान मंदिर की साफ-सफाई, पूजा-अर्चना की व्यवस्था, सीता राम शिवालय में जगराता, भंडारा तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन पिछले 69 वर्षों से निरंतर श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। सभी सदस्यों से सहयोग और सहभागिता की अपील की गई ताकि इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा सके।

## एनएमडीसी की 50 एमटी उपलब्धि पर इंटूक में खुशी

# श्रमिकों के लिए 50 ग्राम सोना, 2 वेतन वृद्धि और इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

देश की अग्रणी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के माह मार्च के अंतिम कार्य दिवस से पूर्व ही 50 मिलियन टन उत्पादन का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल कर देश में नंबर 1 स्थान प्राप्त किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन एमएमडब्ल्यूयू इंटूक, किरंदुल ने सीएमडी, प्रबंधन तथा समस्त एनएमडीसी परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

■ श्रमिकों की मेहनत और समर्पण सराहनीय : सचिव



यूनियन ने इस सफलता को सीएमडी के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रबंधन की कुशल मार्गदर्शकता एवं श्रमिकों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। यूनियन ने कहा कि एनएमडीसी केवल एक उपक्रम नहीं, बल्कि हमारी मां है, जिसे सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सशक्त बनाना हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि हमारा परम धर्म है।

कंपनी की यात्रा 4 मिलियन टन से शुरू होकर आज 50 मिलियन टन तक पहुंचना न केवल औद्योगिक प्रगति का प्रतीक है, बल्कि यह श्रमिकों के समर्पण, अनुशासन और संगठन की एकजुटता का भी जीवंत उदाहरण है। एनएमडीसी न केवल उत्पादन में उत्कृष्टता का परिचय दे रही है, बल्कि श्रमिक कल्याण, सामाजिक उत्तरदायित्व और उच्चतम सुरक्षा मानकों में भी मिसाल कायम कर रही है।

इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में एमएमडब्ल्यूयू (इंटूक) ने कर्मचारियों के मनोबल को और अधिक ऊंचा करने हेतु प्रबंधन के समक्ष विशेष मांग रखते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों को 50 ग्राम सोना, दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि तथा एक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर प्रदान किया जाए, ताकि उनकी मेहनत और योगदान का उचित सम्मान हो सके।

### यूनियन की प्रमुख मांगें

50 मिलियन टन की ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी कर्मचारियों को 50 ग्राम सोना, 2 अतिरिक्त वेतन वृद्धि एवं इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर प्रदान करना। किरंदुल से रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर हेतु शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा के लिए बस सेवा प्रारंभ करना हैदराबाद–विशाखापट्टनम की तर्ज पर। एलओपी सब-कमेटी की शीघ्र बैठक आयोजित कर आवश्यक संशोधन करना। वर्ष 2022 में नियुक्त कर्मचारियों को अन्य कर्मचारियों की भांति नए वेतन का 75 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करना। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति परिचय पत्र प्रदान करना। यात्रा भत्ता (टीए) एवं अन्य भत्तों में पुनर्मूल्यांकन कर वृद्धि करना। स्वैच्छिक एवं आपसी सहमति के आधार पर अंतर-परियोजना स्थानांतरण की सुविधा देना। सभी कर्मचारियों को टाइप-3 आवास उपलब्ध कराना एवं टाइप-2 आवास व्यवस्था समाप्त करने हेतु नियमों में संशोधन। द्विपक्षीय बैठक का नियमित आयोजन, जिसमें ठेका श्रमिकों की सुविधाओं एवं लंबित विषयों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए। परियोजना में सिविल कार्यों के सुचारू संचालन हेतु अधिकारी, सुपरवाइजर एवं कर्मचारियों की शीघ्र पदस्थापना। यूनियन के सचिव एके सिंह ने कहा कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण सराहनीय है, और उनके लिए बेहतर वेतन, बोनस, शिक्षा, चिकित्सा एवं सुरक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करना आवश्यक है। वहीं अध्यक्ष विनोद कश्यप ने कहा कि मजदूर ही कंपनी की असली ताकत हैं।

उनकी सुरक्षा, सम्मान और संतुष्टि सुनिश्चित करना प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यूनियन ने पुनः दोहराया कि एनएमडीसी हमारी मां है और सीएमडी के कुशल नेतृत्व, प्रबंधन के सहयोग तथा श्रमिकों की सामूहिक मेहनत से ही यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो पाई है। यह उपलब्धि न केवल कंपनी की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि संगठन और श्रमिकों की एकता ही किसी भी संस्था की वास्तविक

## पीएम श्री मानकों के अनुरूप विकसित होगा पोटाकेबिन गुमड़ा स्कूल

### कलेक्टर ने व्यवस्थाएं दुरुस्त करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज पीएम श्री हाई स्कूल पोटाकेबिन गुमड़ा का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पीएम श्री योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालय में सभी व्यवस्थाएं पीएम श्री स्कूल के निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कंप्यूटर कक्ष, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, कला एवं शिल्प कक्ष का अवलोकन कर उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डिजिटल लर्निंग, प्रयोगात्मक शिक्षा, पुस्तकालय सुदृढ़ीकरण तथा खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराए जाएं।

कलेक्टर ने छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, सुविधाओं एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने अपार आईडी निर्माण, पेयजल व्यवस्था एवं स्वास्थ्य जांच की स्थिति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पीएम श्री योजना के तहत स्कूलों को आदर्श शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों को सुरक्षित, समृद्ध एवं प्रेरणादायक वातावरण के साथ सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर सहित स्कूल अन्य टीचर मौजूद थे।

## राजपुरोहित जोगेन्द्र का हाल जानने पहुंचे कुमार जयदेव...



**जगदलपुर।** बस्तर के लोककवि व राजपुरोहित पंडित जोगेन्द्र महापात्र के निवास पहुंचकर सुकमा जमीदार कुमार जयदेव ने कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उनके पिता स्व. लक्ष्मीनारायण देव को याद करते हुए पुराने दिनों को याद किया। साथ ही राजपुरोहित स्व. रघुनाथ महापात्र के नाम पर बादल संस्था का नामकरण करने की मांग रखी। इस दौरान विवेक जैन, सविता महापात्र, अमरिश , प्रिती, प्रज्ञा, गणेश, प्रकाश रावल, मनोज जंगम उपस्थित थे।

## दूरस्थ गांव के गरीब ग्रामीणों को मिला जरूरी सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आईजी छत्तीसगढ़ सेक्टर शालिन के मार्गदर्शन, बी एस नेगी डीआईजी ऑप्स बीजापुर के पर्यवेक्षण, विजेन्द्र सिंह कमांडेंट 222 बटालियन के नेतृत्व, मूल चंद द्वितीय कमान अधिकारी, अनंधा कृष्णा एवं जवानों की उपस्थिति में बीजापुर जिले के ग्राम कुर्चीली में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ उपचार कर दी गई दवाईयां, सीआरपीएफ कैम्प में पहुंचे ग्रामीणों में दिखा उत्साह



दूरस्थ एवं आंतरिक क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के कल्याण एवं विकास के प्रति बल की प्रतिबद्धता को स्थापित किया गया।

कार्यक्रम में 15 अंदरूनी गांव के गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीण लाभान्वित हुए। जिनमें वृद्ध पुरुष एवं महिलाएं तथा स्कूली बच्चे शामिल थे। इनमें कुर्चीली के गायतपारा, नदीपारा, पटेलपारा एवं परमापारा, तोहका के मामापारा, नदीपारा, पटेलपारा एवं गायत्तपारा, मावनार के पटेलपारा, गुंडापारा एवं मौलापारा तथा लेद्रा के सरपंचपारा, पटेलपारा, मेटापारा एवं मनुड़पारा शामिल रहे।

कार्यक्रम में 620 ग्रामीणों की भागीदारी रही। जो बल और स्थानीय समुदायों के बीच बढ़ते विश्वास एवं मजबूत संबंधों को दर्शाती है।

जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एवं उनके दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इनमें पानी टैंक, सोलर लाइट, लालटेन, बर्तन, कपड़े, पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों के लिए चप्पलें, कंबल, कृषि उपकरण एवं स्कूल बैग दिए गए।

युवाओं को खेल गतिविधियों की ओर प्रेरित करने के लिए फुटबॉल, वॉलीवॉल एवं क्रिकेट किट का वितरण किया गया। वहीं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अनंथा कृष्णा द्वारा ग्रामीणों के लिए ओपीडी संचालित की गई, जिसमें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

### अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन का शिकंजा 300 घनमीटर रेत जब्त

**बीजापुर।** जिले के भोपालपटनम क्षेत्र में इन्द्रावती नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त टीम द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में लगभग 300 घनमीटर अवैध रेत जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशासन को शिकायत मिली थी कि नदी में पोकलेन मशीन के माध्यम से अवैध उत्खनन किया जा रहा है और रातों-रात हाईवा वाहनों के जरिए ग्राम वरदली में रेत का भण्डारण किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 16 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम एवं जिला खनि अधिकारी बीजापुर के नेतृत्व में राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम वरदली में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान ठेकेदार शेख हुसैन पिता शेख जानसहिदा, निवासी गुंटूर आंध्रप्रदेश द्वारा अवैध रूप से लगभग 300 घनमीटर रेत का भण्डारण किया जाना पाया गया। टीम ने मौके पर ही उक्त रेत को जब्त कर ग्राम पंचायत वरदली के सरपंच एवं सचिव को सुपुर्द कर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं भण्डारण के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई जारी है।

# बच्चों के स्वास्थ्य व रहन सहन का रखे ध्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

जनपद पंचायत दरभा के सभागार में शिक्षा समिति की बैठक जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति पीडी हरीश के सभापतित्व में बुधवार को सम्पन्न हुई।

जहां संकुल समन्वयकों आश्रम छात्रावास के अधीक्षक अधिक्षिकाओं ने अपने संबंधित संस्थाओं के शैक्षिक स्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी। चार घंटो से भी अधिक समय तक चले इस बैठक में स्कूल वार जानकारी प्राप्त की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कई संस्थाओं में एकल शिक्षक होने से अध्ययन अध्यापन में आ रही बाधाओं पर चिंता व्यक्त की गई। साथ ही स्कूलों में लंबित निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए जिनमे अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय आदि शामिल हैं। जिन संस्थाओं में लम्बे समय से निर्माण कार्य लंबित हैं।

जनपद उपाध्यक्ष ने ऐसे कार्यों का संज्ञान लेते हुए शिक्षा समिति के सचिव एवं खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र का निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध कार्यवाही की तैयारी के निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षक अधिक्षीकाओ से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा गया की परीक्षाओं का समय है बच्चों के स्वास्थ्य भोजन अध्ययन एवं रहन सहन का अतिरिक्त ध्यान रखा जाये। कुछ आश्रमों छात्रावासों में पेयजल एवं बिजली की अनियमितता की समस्या सामने आई हैं। बैठक में तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाइल से सम्पर्क कर समस्या से अवगत कराया गया। कुछ स्थानों पर अधीक्षक अधिक्षीकाओं ने अपने अपने आश्रम छात्रावास भवनों में मरम्मत की मांग की हैं।

अंत में बैठक को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि परीक्षाओं का समय है सभी लोग दायित्व बोध के साथ अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया की परीक्षा परिणाम सुखद हो और सबका भविष्य उज्ज्वल हो।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र, बीआरसी समलू राम कश्यप, मंडल संयोजक महेंद्र बघेल, एबीओ शेख तौफीक खान, एवं संकुल समन्वयक और आश्रम अधीक्षक अधिक्षिकाओ के उपस्थिति में शिक्षा समिति सदस्य गागराराम नाग और जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप ने भाग लिया।

# जिले के युवाओं को मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला रोजगार कार्यालय दंतेवाड़ा के तत्वावधान में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आदर्श महाविद्यालय जवांगा में अग्निवीर भर्ती हेतु विशेष मार्गदर्शन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों की अग्निवीर योजना के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया, पात्रता मानदंड, चयन के विभिन्न चरणों एवं तैयारी के तरीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में रिटायर्ड सूबेदार दिनार्थो पान एवं रिटायर्ड हवलदार मुन्नू स्वामी ने प्रतिभागियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, मेडिकल टेस्ट तथा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने समय प्रबंधन, प्रभावी अध्ययन रणनीति तथा बेहतर शारीरिक फिटनेस बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करती हैं और उनमें देशसेवा के प्रति प्रेरणा जागृत करती हैं।



उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आगामी भर्ती प्रक्रिया के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया, जिससे उन्हें भर्ती प्रक्रिया की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## // आम ईश्तहार //

मैं शिवकुमार शर्मा, किरन्दुल जिला दन्तेवाड़ा छ.ग. का निवासी हूँ। मेरी बेटी जिसका नाम विदुशी शर्मा है तथा घर का नाम राखी शर्मा है। राखी शर्मा के नाम से पोस्ट ऑफिस मेघाहातुबुरू झारखण्ड में 50,000 का KVP किया गया था। अगर इस संदर्भ में किसी दूसरे व्यक्ति को दावा आपत्ति करना हो तो वह 10 दिनों के अंदर दावा कर सकता है।

शपथकर्ता
विदुशी
पिता- शिवकुमार शर्मा

## खबर संक्षेप

### ढाई साल में आंबा भवन की नहीं रखी गई नींव : पटवा



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव के द्वारा मोतीलाल नेहरू वार्ड में नवीन आंगनबाड़ी निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया था। इस भूमिपूजन को लगभग ढाई साल पूर्ण हो चुके हैं लेकिन स्थानीय पार्षद की चुप्पी व विधायक के द्वारा संज्ञान न लेने के चलते इस आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य की नींव तक नहीं रखी गई है। प्रदेश अध्यक्ष का शासकीय निवास इसी वार्ड में है और स्थानीय पार्षद भी भाजपा के है। बावजूद इसका काम शुरू नहीं हुआ है। बच्चों के लिए खेल और शिक्षा की बेहतर व्यवस्था का वादा करने वाली सरकार में विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। आंगनबाड़ी निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं होता है तो कांग्रेस पार्टी उचित कदम उठाने बाध्य होगी।

### आपदा पीड़ितों को मिली सहायता

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में प्राकृतिक आपदाओं और असमय दुर्घटनाओं का शिकार हुए परिवारों को संबल देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत जिले के चार पीड़ति परिवारों के लिए कुल 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत प्रकरणों में ग्राम आसना के धर्मसिंह, ग्राम कुम्हली के तीन वर्षीय बालक नितेश कश्यप और ग्राम बस्तर के फकीर पटेल की पानी में डूबने से हुई दुखद मृत्यु के मामले शामिल हैं। इसके साथ ही ग्राम लामकेर की निवासी कमली, जिनकी मृत्यु सर्पदंश के कारण हुई थी, उनके परिवार को भी इस राहत योजना का लाभ दिया गया है। प्रत्येक मृतक के आश्रित परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की मंजूरी दी गई है।

सीआरपीएफ ने 16वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया

# प्राणों की आहुति देकर अमर हो गए उनकी शहादत हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत : विजय शंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 217 वीं बटालियन ने अपना 16वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। ब्लॉक मुख्यालय में कमांडेंट विजय शंकर ने क्वार्टर गार्ड पर सेरिमोनियल गार्ड द्वारा सलामी ली तथा अमर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास के बारे में जानकारी दी। और वीर शहीदों को याद करते हुए कहा की जो अपने प्राणों की आहुति देकर अमर हो गए उनकी शहादत हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं जो हमे साहस, शक्ति, एवं हौसला प्रदान करती है। यह बटालियन केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रति सजग एवं सचेत है। बल्कि सामाजिक सरोकार एवं मानवता के प्रति भी उतना ही प्रतिबद्ध है।



तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया उन्होंने कहा कि 217 बटालियन का गठन 20 मार्च 2010 को समूह केंद्र सीआरपीएफ, पल्लीपुरम में किया गया। यह बटालियन नक्सल उन्मूलन अभियानों के अंतर्गत सुकमा जिले के क्षेत्र में वर्ष 2015 से सक्रिय रूप से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा स्थापित हेतु निरंतर प्रयासरत है। साथ ही जवानों के कल्याणकारी योजनाओं, तनावमुक्त जीवन तथा बेहतर स्वास्थ्य एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत करने तथा अनुशासन के साथ कार्य करने के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. अमिताव साहू मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र कुमार, नीर सिंह मीणा, डॉ. मनदीप सिंह, राजा इलमप्रर्थी एवं अनिल पाटिल सहित अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना...



जगदलपुर। चैत्र नवरात्रि पर सुकमा जमींदार कुमार जयदेव ने दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर देवी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने बस्तर की खुशहाली व सुख, समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रकाश रावल, मनोज जंगम सहित अन्य उपस्थित थे।

## बस्तर हैरिटेज मैराथन को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवायजरी

# रविवार को सुबह से दोपहर तक चित्रकोट मार्ग में वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- लालबाग ग्राउण्ड से चित्रकोट तक 42 किमी बस्तर हैरिटेज मैराथन का आयोजन

42 किमी बस्तर हैरिटेज मैराथन के आयोजन को देखते हुए रविवार को लालबाग से चित्रकोट तक सुबह चार बजे से दोपहर 12 बजे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबधिंत रहेगी। यातायात डीएसपी संतोष जैन ने ट्रैफिक एडवायजरी जारी करते हुए बताया कि इस मार्ग पर 22 मार्च को सुबह चार बजे से अलग-अलग कैटेगिरी एवं दूरी 5,10, 21 व 42 किमी के साथ बस्तर हैरिटेज मैराथन का आयोजन लालबाग ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर चित्रकोट में समापन होना है। उक्त मैराथन में जिला व संभाग के अलावा छग राज्य एवं अन्य प्रांतों से भी हजारों की संख्या में प्रतिभागी शामिल होने वाले हैं। प्रतिभागियों एवं लोगों के सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चित्रकोट जगदलपुर मार्ग पर वाहनों से सामान्य आवागमन प्रतिबंध रहेगा। मैराथन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो इसे देखते हुए छोटी, मध्यम एवं भारी वाहन व मोटर सायकल से आवाजाही करने वालों के लिए आमागुड़ा चौक, आईजीपी तिराहा, कोतवाली तिराहा, शहीद पार्क तिराहा, चांदनी चौक, संजय मार्केट चौक, मिताली चौक, दंतेश्वरी मंदिर, दामोदर पेट्रोल पम्प तिराहा, समुंद चौक, शिव मंदिर धरमपुरा नम्बर एक, महिला पॉलिटेक्निक चौक, पीजी कॉलेज तिराहा, पल्लीनाका मार्ग सुबह चार बजे से सुबह दस बजे तक के लिए प्रतिबधिंत किया गया है।

### इन मार्गों से आवाजाही

इन मार्गों से आवाजाही करने वाले वाहन चालक परिवर्तित मार्ग से आवाजाही कर सकते है। वाहन चालक अनुपमा चौक से धरमपुरा की ओर एवं चांदनी चौक से नयामुण्डा बोधघाट मार्ग से होकर विभिन्न मार्गों की ओर आवागमन कर सकते हैं। इसके अलावा लोहण्डीगुड़ा मार्ग पल्लीनाका तिराहा से कुम्हरावंड, करंजी, देऊरगांव, पोटानार, गुच्छागुड़ा, चोण्डीगुड़ा, छापरभानपुरी, टाकरागुड़ा, बडांजी, उसरीबेड़ा, लामड़ागुड़ा, चित्रकोट मैदान तक सुबह चार बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रतिबधिंत रहेगा। वाहन चालक अन्य सहायक मार्ग पण्डरीपानी, केशलूर, तोकापाल से दंतेवाड़ा गीदम मार्ग से होकर जगदलपुर तथा बस्तर, परचनपाल, भानपुरी से जगदलपुर कोण्डागांव मार्ग होकर शहर में आ सकेगें। इस दौरान आपातकालीन अतिआवश्यक सेवा से संबंधित वाहन एवं आवश्यक सेवा से जुड़े व्यक्ति से संबंधित वाहन को प्रतिबंध से छूट रहेगा।

### अब शांति और विकास की दौड़ लगाएंगे पुनर्वासित जन



**जगदलपुर।** बस्तर की शांत वादियों में इस बार केवल प्रकृति का संगीत नहीं, बल्कि बदलाव और विकास के संकल्प की एक अभूतपूर्व गूँज सुनाई देने वाली है। आगामी 22 मार्च को आयोजित होने वाली बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026 केवल एक खेल आयोजन मात्र नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के बदलते स्वरूप की एक जीवंत झांकी पेश करने जा रही है। इस मैराथन की सबसे गौरवशाली और मानवीय तस्वीर उन आत्म-समर्पित माओवादियों के रूप में उभर कर सामने आ रही है, जो कभी दुर्गम जंगलों के अंधेरों में भटकते थे, लेकिन अब समाज की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा बनकर इस खेल महाकुंभ में अपनी शारीरिक शक्ति और जीवटता का परिचय देने को बेताब हैं। हिंसा का मार्ग त्याग कर शांति की राह चुनने वाले इन युवाओं का यह उत्साह इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि बस्तर अब पुराने संघर्षों के साये से बाहर निकलकर खेल, साहस और शौर्य के वैश्विक मंच पर अपनी एक नई और सकारात्मक पहचान गढ़ रहा है।

बस्तर की फिजाओं में अब हिंसा के बारूद की नहीं, बल्कि उम्मीदों और सपनों की उड़ान की खुशबू तैर रही है। कभी जिन हाथों में बंदूकें हुआ करती थीं और जो पैर घने जंगलों की खाक छानते थे, वे अब बस्तर मैराथन के ट्रैक पर अपनी किस्मत आजमाने और एक नई पहचान बनाने को पूरी तरह तैयार हैं। दंतेवाड़ा के लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान और पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) जैसे प्रभावी पुनर्वास कार्यक्रमों के माध्यम से दर्जनों पूर्व नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्यधारा में शामिल होने का ऐतिहासिक फैसला किया है।

# तोकापाल में पुस्तकें एकत्र करने रथ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पुस्तक दान महा अभियान की तोकापाल से शुरूआत

तोकापाल में पुस्तक दान महा अभियान की शुरूआत जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई। जिसमें जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, पद्मिनी कश्यप जनपद पंचायत अध्यक्ष रामवती भंडारी तहसीलदार यशोदा केतारप मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नीलू तिर्की खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तरुण ठाकुर एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं आपके घरों पर जो पुस्तक है उन्हें अभियान रथ को पुस्तक दान करें। यह पुस्तक जिला लाइब्रेरी में रखी जाएगी जहां बच्चों के साथ आम नागरिक भी लाभ प्राप्त करेंगे। इस अभियान को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। गांधी चौक से परपा, तोकापाल, बाजारपारा तोकापाल, बडे पाराकोट, ईराकोट, पलवा, बागनपाल मोरठपाल चौक, कुरेंगा, करंजी, धर्माउर होते हुए जिला मुख्यालय पहुंचेगी। पुस्तक दान महा अभियान में बच्चे युवा एवं ग्राम वासियों का सहयोग मिल रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड स्त्रोत समन्वयक ने ग्राम वासियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है। ग्राम पंचायत पलवा सरपंच विजय कश्यप पंच गंगाधर ठाकुर संकुल समन्वयक कमलोचन कश्यप एवं शिक्षकों ने पुस्तक दान बाघनपाल मे किया।

# मुख्यमंत्री समाधान योजना में सातों जिले के 5189 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- योजना से बड़े बकायादारों के लाखों रुपए सरचार्ज होंगे माफ
- पंजीयन के बाद बकाया राशि का 10 फीसदी भुगतान करना होगा

बिजली बिल के बकायादारों से बकाया राशि वसूल करने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना का लाभ लेने बस्तर संभाग के सातों जिलों के लगभग 5189 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया। पंजीयन के बाद योजना का लाभ उपभोक्ताओं को तभी मिलेगा, जब वे बकाया राशि की 10 फीसदी राशि का भुगतान पहले करेंगे। इस योजना के तहत सभी श्रेणियों अर्थात अशासकीय घरेलू, कृषि, बीपीएल उपभोक्ताओं का पूरा सरचार्ज माफ होगा। योजना में शामिल होने के लिए बकायादारों को न केवल पहले पंजीयन कराना होगा, बल्कि बकाया बिल की 10 फीसदी राशि का भुगतान करना होगा। इस तरह से विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग में 1315, शहरीय संभाग में 22, दंतेवाड़ा संभाग में 171, बीजापुर संभाग में 390, सुकमा संभाग में 277, कांकेर संभाग में 119, कोंडागांव संभाग में 590, नारायणपुर संभाग में 1311, भानुप्रतापपुर संभाग में 544 एवं पखांजूर संभाग में 450 उपभोक्ताओं ने पंजीयन किया।

**उपभोक्ता पंजीयन कराएं :** विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना में बीपीएल, घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता के बकाया का सरचार्ज एवं मूल बिल में छूट दिया जा रहा है। इसलिए उपभोक्ता योजना में पंजीयन कराएं।



### विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि समाधान योजना योजना में मीटर रीडरों की अहम भूमिका रहेगा। लिहाजा उपभोक्ताओं से बकाया बिल का भुगतान कराने वाले मीटर रीडरों को भी विशेष प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### प्रति दिन हो रहे पंजीयन

विद्युत कंपनी रायपुर के कार्यपालक निदेशक (राजस्व) एसके ठाकुर ने बताया कि योजना के तहत प्रदेश में लगभग 5 हजार की दर से प्रति दिन पंजीयन हो रहा है। मैदानी कर्मियों द्वारा लगातार समाधान योजना के संबंध में लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रोत्साहन राशि मिलने की आस से क्षेत्र के मीटर रीडर लगातार कार्य कर रहे हैं, क्योंकि जितना अधिक प्रकरण मीटर रीडर के माध्यम से पंजीकृत होंगे उतना अधिक भुगतान मीटर रीडर को कंपनी द्वारा किया जाएगा।

डाइट में दो जिले के 35 शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

# पीएमश्री शाला की अवधारणा पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य परियोजना समग्र शिक्षा रायपुर के आदेशानुसार पीएमश्री शालाओं में कार्यरत शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। इसमें कोंडागांव और बस्तर जिले के 35 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रशिक्षण का शुभारम्भ प्राचार्य नितिन दण्डसेना ने करते पीएमश्री की अवधारणा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का पूरी तरह से क्रिन्यावयन इन शालाओं में किया जाएगा। आस पास के शेष विद्यालय इनसे प्रेरणा प्राप्त कर सकेंगे।



इन शिक्षकों को नेतृत्व और प्रबंधन एवं अनुभव आधारित शिक्षा और ब्लूप्रिंट पर संध्या श्रीवास्तव, पर्यावरण संरक्षण और चुनौतियों के विषय पर सतीश शर्मा, पुस्तकालय पर तनप घोष, पीएमश्री के 6 स्तम्भ बनावट और वातावरण विषय पर विश्वमोहन मिश्रा एनईपी एनसीएफ और आरटीआई पर घनश्याम यादव, भौक्षिक तकनीकी पर अंजली यादव और स्टेम का दक्षता निर्माण पर खेहलता बंजारी ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संयोजन प्रभारी डाइट चन्द्रकान्त पानीग्राही ने किया।

# 'हवा चलते ही गुल हो जाती है बिजली, जनता परेशान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संभाग मुख्यालय में बिजली विभाग की लचर कार्यप्रणाली और बदहाल व्यवस्था को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस शहर महामंत्री अभिषेक नायडू ने आक्रोश व्यक्त किया है।

उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति में बिजली विभाग पर जनता को गुमराह करने और मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। विभाग हर साल मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपये खर्च करने का दावा करता है, लेकिन सच्चाई यह है कि हवा चलते ही पूरा शहर घंटों अंधेरे में डूब जाता है।

बिजली की आंख-मिचौली से छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, जनता परेशान है और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। शहर के बाहरी इलाकों में स्थिति गंभीर है। जनता परेशान होकर शिकायत केंद्र फोन करती है, तो या तो फोन व्यस्त मिलता है या फिर कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कुछ दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी।


## आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

रायपुर शहर

सीनियर प्रसार प्रतिनिधि

05 पद

शैक्षणिक योग्यता स्नातक

समाचार पत्र में प्रसार विभाग में

कार्य अनुभव 2 साल

वेतन 15000 + 5000/-

दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026

समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।

cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर







# सर्व नाई समाज संघ ने स्पष्ट की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- संगठन संचालन को लेकर जारी किया आधिकारिक पत्र



सर्व नाई समाज संघ द्वारा संगठन की वैधता, कार्यप्रणाली और भविष्य की दिशा को स्पष्ट करते हुए एक महत्वपूर्ण पत्र जारी किया गया है। यह पत्र जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर के हस्ताक्षर से जारी हुआ, जिसमें संगठन के संचालन को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई है।

जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि पंजीयन क्रमांक 590 के आधार पर ही सर्व नाई समाज संघ का संचालन वर्षों से किया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर ठाकुर, राधेश्याम श्रीवास्तव एवं स्वर्गीय बंकट राव के कार्यकाल से ही संगठन की सभी गतिविधियां चाहे वह भूमि संबंधित कार्य हों या भवन निर्माण इसी पंजीयन के माध्यम से संपन्न होती रही हैं। संघ ने इसे अपनी मूल पहचान बताते हुए इसकी वैधता पर जोर दिया है।

पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन क्रमांक 82, जो प्रदेश सेन समाज से जुड़ा है, उसके साथ सहयोग की भावना बनी रही है। बावजूद इसके, जब स्वयं का पंजीयन 590 अस्तित्व में है, तो संगठन का संचालन उसी के आधार पर किया जाना उचित है। इसी संदर्भ में पंजीयन 82 के माध्यम से कराई जा रही चुनाव प्रक्रिया का संघ ने विरोध दर्ज कराया है।

संघ ने समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि जो भी सदस्य जगदलपुर जिला बस्तर में पंजीयन 590 के अंतर्गत जुड़े हैं या जुड़ना चाहते हैं, वे इसी पंजीयन के तहत अपनी सदस्यता सुनिश्चित करें।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम श्रीवास, पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर ठाकुर, भास्कर राव, राजू राव, सरोज श्रीवास, कृष्ण ठाकुर, अनिल ठाकुर, राम लखन ठाकुर, कृष्ण राव, शेखर ठाकुर, अशर्फी ठाकुर, प्रेमजीत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।